दैनिक जागरण
1-3-2025

# नशा परिवार व समाज पर भी डालता है नकारात्मक प्रभाव: डा. रोहित दत्त

## जीएमएन कालेज में एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन



जीएमएन कालेज में आयोजित सेमिनार में शामिल प्रतिभागी ● सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता●अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के युवा रेडक्रास सोसाइटी द्वारा जिला रेडक्रास सोसायटी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग और सामाजिक कल्याण विभाग के सहयोग से कालेज के आडिटोरियम में नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने के लिए जागरूकता फैलाना था। सेमिनार का शुभारंभ रविंद्र तंवर एवं कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा किया। डा. रोहित दत्त ने कहा नशा न केवल, व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। आज के युवा यदि इस बुरी लत से दूर रहें, तो वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। हमें समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नशा मुक्ति अभियान को समर्थन देना चाहिए। भारतीय रेडक्रास सोसाइटी से रविंद्र तंवर ने कहा नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा या दोस्तों के दबाव में होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह एक गंभीर समस्या बन जाती है। थाना प्रबंधक अजैब सिंह ने बताया हमारा विभाग समय-समय पर नशे की खेप को समाप्त करने में प्रयासरत है। महिला थाना प्रभारी सुरेखा ने बताया इस तरह के सेमिनार के आयोजन से युवाओं को नशे से बचने की प्रेरणा मिलती है। नारकोटिक्स सेल से वक्ता डा. अशोक वर्मा ने कानून और समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की।

- गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में नशा मुक्ति विषय पर सेमिनार
- युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत